भोपाल | गुरुवार | 22 अक्टूबर 2026 | वर्ष 70 | अंक 269 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

SBI में सेंध, 3897 ग्राहकों का डेटा लीक

हैकर्स के दावे में 3.75 लाख रिकॉर्ड और 2722 पीडीएफ डार्कवेब पर

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के ग्राहकों की निजी जानकारी डार्क वेब तक पहुंच गई है. बैंक ने 3,897 ग्राहकों के व्यक्तिगत पहचान संबंधी रिकॉर्ड लीक होने की पुष्टि की है.

मामला इसलिए गंभीर है कि शुरुआती जांच में बैंक को करीब 3.75 लाख रिकॉर्ड खंगालने पड़े, जबकि हैकर समूह ने 2,722 पीडीएफ फाइलें भी अपने पास होने का दावा किया है. बैंक को 16 अक्टूबर को थ्रेट इंटेलिजेंस सेवा प्रदाता, डिफेंस साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन) से अलर्ट मिला था. एसबीआई ने स्वतंत्र साइबर सुरक्षा एजेंसी से जांच शुरू कराई है. बैंक के मुताबिक, उसकी मुख्य बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय प्रदर्शन और कारोबार पर इस घटना का कोई महत्वपूर्ण असर नहीं पड़ा है. हालांकि, डेटा कहां से निकला, किस तरीके से बाहर पहुंचा और लीक की पूरी सीमा क्या है, इसकी जांच जारी है.



बैंक ने जांच बैठाई

बैंक की शुरुआती जांच में ग्राहकों के नाम, पंजीकृत मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, ईमेल और घर के पते के साथ शाखा संबंधी जानकारी, ग्राहक पहचान संख्या, लीड आईडी तथा लोन से जुड़े रिकॉर्ड का विवरण मिला है. साइबर सुरक्षा अकाउंट साइबरपल्स-56 ने 16 अक्टूबर को एक्स पर दावा किया था कि 'सिरियसिम' नामक हैकर समूह के पास एसबीआई से जुड़ी 3.75 लाख डेटा एंट्री और 2,722 पीडीएफ फाइलें हैं. हालांकि, हैकर समूह के दावे में बताए गए सभी रिकॉर्ड की प्रामाणिकता और उनमें मौजूद जानकारी की पूरी सीमा अभी स्वतंत्र रूप से स्थापित नहीं हुई है.

क्या, खतरा कितना?

वित्तिय विशेषज्ञों के अनुसार डेटा लीक का अर्थ है कि निजी या गोपनीय जानकारी ऐसे लोगों तक पहुंच जाए, जिन्हें उसे देखने या इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है. यह हैकिंग, कर्मचारी के खाते से अनधिकृत पहुंच, कमजोर सुरक्षा व्यवस्था या किसी तकनीकी खामी से हो सकता है. जिससे नाम, मोबाइल, जन्मतिथि, पता और लोन संबंधी जानकारी का इस्तेमाल करके जालसाज फोन कर सकते हैं.

तो तुरंत करें सूचित

ग्राहकों को किसी अनजान कॉल या लिंक पर बैंकिंग जानकारी नहीं देनी चाहिए. ओटीपी, एटीएम पिन और इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड किसी से साझा न करें. खाते के लेनदेन पर नजर रखें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत बैंक को सूचित करें. वित्तीय साइबर धोखाधड़ी होने पर 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करें.

पहले भी लीक हो चुका है बैंकिंग डेटा : अक्टूबर 2016 में कई बैंकों के करीब 32 लाख डेबिट कार्डों की सुरक्षा प्रभावित होने का मामला सामने आया था. एसबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, यस बैंक और एक्सिस बैंक समेत कई बैंक प्रभावित हुए थे. एनपीसीआई के शुरुआती आंकड़ों में 19 बैंकों के 641 ग्राहकों के कार्डों से धोखाधड़ी की शिकायतें और करीब 1.3 करोड़ रुपये की रकम दर्ज हुई थी. जुलाई 2026 में बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी कर्मचारी के ईमेल खाते से अनधिकृत पहुंच की पुष्टि की थी. उसके मामले में डार्क वेब पर 700 जीबी से अधिक डेटा होने का दावा किया गया था.

20 हजार शिक्षक होंगे भर्ती, 400 सांदीपनि स्कूल बनेंगे

शिक्षा विभाग के अनुकंपा नियुक्ति कार्यक्रम में सीएम का ऐलान

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 21 अक्टूबर. मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी. साथ ही प्रदेश में 400 नए सांदीपनि विद्यालयों के भवन बनाए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को रवीन्द्र भवन में स्कूल शिक्षा विभाग के अनुकंपा नियुक्ति आदेश वितरण कार्यक्रम में यह घोषणा की.

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब तक 85 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है, जिनमें 15 हजार नियुक्तियां



स्कूल शिक्षा विभाग में हुई हैं. मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एक लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है. इससे विभिन्न विभागों में रिक्त पद बने हैं, जिन्हें भरने की प्रक्रिया जारी है. कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए हर साल डीपीसी होगी. अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी भी भविष्य में निकलने वाली सरकारी भर्तियों में शामिल हो सकेंगे.

अनुकंपा नियुक्ति, 300 प्रकरण इसी साल निपटेंगे

मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा विभाग के 954 अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दिए. इनमें प्रतीकात्मक रूप से 11 कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपे. उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के शेष 300 प्रकरणों का निराकरण भी इसी साल किया जाएगा. नियुक्ति पाने वालों में 661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षक और 262 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं.

प्रदेश में अभी 169 हैं सांदीपनि विद्यालय

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 169 सांदीपनि विद्यालय संचालित हैं. राज्य सरकार ने 200 नए सांदीपनि विद्यालयों के भवन बनाने की मंजूरी दी है. इनमें 200 भवन स्कूल शिक्षा विभाग और 200 भवन जनजातीय कार्य विभाग बनाएगा. इस तरह कुल 400 नए भवन तैयार किए जाएंगे. स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सामान्य भर्ती, पदोन्नति और अनुकंपा नियुक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है.

एप्स्टीन से थे पुरी के संबंध, लगी मुहर

अमेरिकी विधि विभाग ने सार्वजनिक कीं मुलाकात की तस्वीरें

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मुलाकात की तस्वीरें सार्वजनिक होने के बाद उनके संबंधों को लेकर चल रहा विवाद नए मोड़ पर पहुंच गया है.

अमेरिकी विधि विभाग की ओर से जारी एप्स्टीन फाइल्स में सामने आई तस्वीरों से यह पुष्टि होती है कि पुरी और एप्स्टीन की मुलाकात हुई थी. विपक्ष अब सवाल उठा रहा है कि मंत्री ने पहले इन मुलाकातों को प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बताते हुए जिस तरह पेश किया था, तस्वीरों में दोनों के साथ बैठने की स्थिति उसकी पूरी व्याख्या क्यों नहीं करती. हालांकि, तस्वीरें अपने आप में किसी आपराधिक गतिविधि में पुरी की संलिप्तता का प्रमाण नहीं हैं. कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पुरी के पहले के बयान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या उन्होंने एप्स्टीन से कभी अकेले नहीं मिलने की बात नहीं कही थी.



मुलाकातें पेशेवर थीं : पुरी

पुरी ने फरवरी में कहा था कि 2017 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने से पहले उनकी एप्स्टीन से तीन या अधिकतम चार बार मुलाकात हुई थी. उनके मुताबिक, ये मुलाकातें इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट और उसकी इंडिपेंडेंट कमीशन ऑन मल्टीलेटरलिज्म परियोजना से जुड़े प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में हुई थीं.

तिहाड़ से रिहा होंगे सौरव और रांका, मिली जमानत

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली की विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) अदालत ने रिहा करने का आदेश दिया है.

दोनों की हिरासत की अवधि बुधवार को समाप्त हो रही थी. उन्हें 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराकर विरोध प्रदर्शन करने के मामले में हिरासत में लिया गया था. दोनों नेता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण



(एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे.

आरोप है कि उन्होंने जंतर-मंतर का बंद गेट पार कर परिसर में प्रवेश किया था. इसके बाद शांति भंग होने की आशंका में उन्हें हिरासत में लेकर पांच दिन के लिए जेल भेजा गया था.

एक नजर में

श्रद्धा दुबे समेत 3 आरोपी 24 तक ट्रांजिट रिमांड पर

नागपुर/लखनऊ. लखनऊ के कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. नागपुर की जिला एवं सत्र अदालत ने मुख्य आरोपी श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश को 24 अक्टूबर तक 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर भेजने की मंजूरी दे दी है.

उधमपुर में खाई में बस गिरने से 2 की मौत

उधमपुर. जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक बस हादसा हो गया. पेचउंड से रामनगर जा रही यात्रियों से भरी बस गुल्ली गाला इलाके के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई. हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 यात्री घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

रूस में एसयू-30 फाइटर जेट क्रैश

नई दिल्ली. रूस के कलिनिनग्राद क्षेत्र के चेर्न्याखोव्स्क जिले में एक एसयू-30 लड़ाकू विमान ट्रेनिंग फ्लाइट के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान तिमोफीवका और जेल्योनोई बोर गांवों के बीच गिरा. दोनों पायलट समय रहते इजेक्ट हो गए. वे घायल अवस्था में सैन्य अस्पताल पहुंचाए गए.

जियो IPO 100 मिनट में फुल सब्सक्राइब

- **30,213 करोड़ रुपये का देश का सबसे बड़ा इश्यू**
- **संस्थागत निवेशकों ने दिखाई जबरदस्त दिलचस्पी**

नवभारत न्यूज

मुंबई, 21 अक्टूबर. रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ ने खुलते ही निवेशकों का ध्यान खींचा. 30,213 करोड़ रुपये का यह इश्यू देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ है.

कंपनी ने लिस्टिंग से पहले ही तीन रिकॉर्ड बनाए. इश्यू खुलने के करीब 100 मिनट में यह पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया, बड़े आईपीओ में इतनी तेजी से पूरा भरने वाले इश्यू के रूप में चर्चा में आया और एंकर निवेशकों की ओर से करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की मांग दर्ज होने का दावा किया गया. दोपहर दो बजे तक आईपीओ को 2.21 गुना बोलियां मिल चुकी थीं और आवेदन 23 लाख से अधिक हो गए थे. दोपहर तीन बजे तक कुल सब्सक्रिप्शन बढ़कर 2.53 गुना पहुंच गया. योग्य संस्थागत खरीदारों की श्रेणी में मांग सबसे ज्यादा रही और यह 7.46 गुना सब्सक्राइब हुई. गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 1.37 गुना बोलियां मिलीं, जबकि कर्मचारियों और शेयरधारकों के लिए आरक्षित हिस्से क्रमशः 1.20 और 1.21 गुना सब्सक्राइब हुए.

रिलायंस की हिस्सेदारी 6.8 लाख करोड़



आईपीओ के प्रस्तावित मूल्यांकन के आधार पर जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज की 66.4 फीसदी हिस्सेदारी का मूल्य करीब 6.8 लाख करोड़ रुपये आंका गया है. आईपीओ की मजबूत मांग के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर शुरुआती कारोबार में करीब दो फीसदी उछलकर 1,234.60 रुपये तक पहुंचा. पिछले सत्र में यह 1,202.80 रुपये पर बंद हुआ था.

संघ की विचारधारा पर राहुल का बड़ा आरोप

महिलाओं को संपत्ति मानता है RSS

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा है. उन्होंने आरएसएस की विचारधारा और कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं.

राहुल गांधी ने आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा, संघ सिर्फ पुरुषों का एक असंवैधानिक गुट है, जो मानता है कि महिलाएं पुरुषों की संपत्ति हैं. उनकी लड़ाई इसी मानसिकता के खिलाफ है. अपनी विचारधारा बताते हुए



राहुल ने कहा, मैं शिव-शक्ति में विश्वास रखता हूं. यही कारण है कि उनसे लड़ने में मुझे बहुत खुशी मिलती है. राहुल गांधी ने दावा किया कि संघ की विचारधारा से जुड़ी कई महिलाएं भी अब उनकी इस लड़ाई का समर्थन कर रही हैं. उन्होंने कहा, 'सबसे खूबसूरत बात ये है कि उनकी अपनी कई महिलाएं भी मेरे साथ हैं.

तावड़े ने किया पलटवार

राहुल के इस बयान पर बीजेपी सांसद विनोद तावड़े ने पटलवार करते हुए कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार से जुड़ी कई महिलाएं संवैधानिक, संगठनात्मक और शासकीय दायित्व के शीर्ष पर पहुंची हैं, जिसकी अनगिनत मिसालें हैं. 1936 में डॉ. हेडगेवार की प्रेरणा और समर्थन से लक्ष्मीबाई केलकर (मौसीजी) ने राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की. यह पूरी तरह स्वायत्त महिला संगठन है, जो संघ की समान विचारधारा पर चलता है.

दिल्ली एयरपोर्ट पर पंजाब सीएम मान को 3 घंटे रोका

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पेरिस दौरे से लौटने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर रोके जाने और चालान काटे जाने को लेकर सियासत गरमा गई है.

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को दावा किया कि मान को एयरपोर्ट पर करीब तीन घंटे तक रोका गया और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया. पार्टी ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई के पीछे केंद्र सरकार का दबाव था. हालांकि, चालान की वजह को लेकर विपक्ष ने अलग दावा किया है. पंजाब आप



आप का दावा, 50 हजार का चालान काटा

के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर कहा कि मुख्यमंत्री के जाने की तैयारी के दौरान अधिकारियों ने चालान जारी किया. उनके मुताबिक, अधिकारियों ने ऊपर से दबाव होने की बात भी कही. आप नेता सौरभ भारद्वाज ने भी इस घटना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा.

टाइगर फायरिंग केस में 13 गिरफ्तार

तीन 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में, दिल्ली-हरियाणा से 10 और अरेस्ट

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई, 21 अक्टूबर. अभिनेता टाइगर श्रॉफ से जुड़े फायरिंग मामले की जांच का दायरा बढ़ गया है. मुंबई की अदालत ने गिरफ्तार तीन आरोपियों रेहान अंसारी, फूलसिंह और ऋतिक महतू उर्फ रोशन को 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है.

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने बताया कि दिल्ली और हरियाणा से 10 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें मुंबई लाया जा रहा है. पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े होने की जांच की जा रही है.



वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद नहीं हुए हैं और आरोपियों ने कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन नष्ट कर दिए हैं. साजिश, वित्तीय लेनदेन और सबूत मिटाने की कोशिशों का पता लगाने के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है. बचाव पक्ष ने पुलिस हिरासत बढ़ाने का विरोध किया, लेकिन अदालत ने 31 अक्टूबर तक रिमांड मंजूर कर दी. मामले में जांच उत्तर प्रदेश तक पहुंच गई है. गिरफ्तार महिलाओं में शामिल बताई जा रही राधा के पारिवारिक संपर्कों की पड़ताल के लिए दिल्ली पुलिस कानपुर के बिल्हौर क्षेत्र के दादारपुर कटहा गांव पहुंची और उनके संपर्कों को खंगल रही है.

दीवाली से पहले ही दिल्ली की हवा खराब, ग्रेप-1 लागू

नई दिल्ली. दीवाली से पहले ही दिल्ली-एनसीआर की हवा बिगड़ने लगी है. कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण लागू कर दिया है. इसके साथ ही प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों, निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल और खुले में कचरा जलाने पर निगरानी बढ़ा दी गई है. बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) वाहन चलाने पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लग सकता है.

भारत से कारोबार पाकिस्तान हमारा यार

- **रूबियो का ऐलान- भारत के साथ ट्रेड डील जल्द**
- **पाकिस्तान से रिश्ते रखना अमेरिका की मजबूरी**

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई, 21 अक्टूबर. भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से अटकी ट्रेड डील अब कुछ हफ्तों में फाइनल हो सकती है.

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मुंबई में बातचीत को निर्णायक दौर में बताते हुए संकेत दिया कि समझौते के बाद भारत को मौजूदा व्यवस्था से बेहतर टैरिफ दरें मिल सकती हैं. लेकिन आर्थिक रिश्तों में नरमी के इन संकेतों के बीच रूबियो ने पाकिस्तान को लेकर अमेरिकी नीति की सीमाएं भी साफ कर दीं. उनके मुताबिक, परमाणु हथियारों और भौगोलिक स्थिति के कारण अमेरिका पाकिस्तान से संबंध बनाए रखने की जरूरत महसूस करता है. यानी भारत के साथ



रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने के बावजूद वाशिंगटन पाकिस्तान से रिश्ते खत्म करने के रास्ते पर नहीं है. रूबियो के इन बयानों से साफ है कि अमेरिका भारत के साथ व्यापारिक तनाव घटाने और सहयोग बढ़ाने का इच्छुक है, लेकिन अपने व्यापक रणनीतिक हितों से समझौता करने को तैयार नहीं है.

टैरिफ में राहत की उम्मीद: रूबियो ने कहा कि ट्रेड डील के ज्यादातर पहलुओं पर काम पूरा हो चुका है. अब शब्दों और शर्तों के अर्थ को लेकर कुछ तकनीकी सहमतियां बाकी हैं. दोनों देशों के लिए समझौते की भाषा पर पूरी सहमति जरूरी है, ताकि बाद में विवाद की गुंजाइश न रहे. उन्होंने उम्मीद जताई कि समझौते को अंतिम रूप देने में महीनों नहीं, कुछ हफ्ते लगेंगे.

स्वाभिमान यात्रा | उज्जैन से अयोध्या तक 950 किमी की यात्रा पर निकले पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह

चंदा चोरों को जेल भेजो, बैलेट पेपर से चुनाव : दिग्विजय

नवभारत न्यूज

उज्जैन, 21 अक्टूबर. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही.

तराना रोड स्थित श्री साईं कुंज कॉलोनी से सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई यात्रा में दिग्विजय सिंह समर्थकों के साथ पैदल चले. इस दौरान उन्होंने चंदा चोरी और वोट चोरी के मुद्दे उठाते हुए कहा, 'चंदा चोरों को पकड़ो, जेल भेजो, बचाओ मत. वोट चोरी बंद करो. हमें ईवीएम नहीं चाहिए, बैलेट पेपर से चुनाव कराओ.' करीब 950 किलोमीटर लंबी यह यात्रा लगभग 70 दिन में अयोध्या स्थित राम मंदिर पहुंचेगी. दिग्विजय ने इसे शिव धाम से राम धाम तक की यात्रा बताया. यात्रा में उनकी पत्नी अमृता राय भी साथ हैं.



स्वाभिमान को ठेस पहुंची - अमृता

अमृता राय ने कहा कि चढ़ावे की कथित चोरी और धर्म के नाम पर धोखाधड़ी से सनातन धर्म मानने वालों के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है. यात्रा के जरिए इन्हीं मुद्दों को उठाया जा रहा है. यात्रा प्रभारी चंदर सिंह सोंधिया के मुताबिक, स्थायी रूप से साथ चलने के लिए करीब तीन हजार लोगों ने पंजीयन कराया है. अलग-अलग स्थानों पर भी लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं.

भाजपा सांसद ने बताया राजनीतिक नौटंकी

उज्जैन से भाजपा सांसद अनिल फिरोजिया ने यात्रा को राजनीतिक नौटंकी बताते हुए दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि यात्रा में भगवा ध्वज नजर नहीं आ रहा और दिग्विजय संत नहीं, राजनेता हैं. फिरोजिया ने कांग्रेस के पुराने रुख और राम सेतु से जुड़े विवादों का उल्लेख करते हुए भी सवाल उठाए. दिग्विजय सिंह ने यात्रा के उद्देश्य को चंदे में कथित गड़बड़ियों और जवाबदेही का मुद्दा जनता तक पहुंचाना बताया है.

परमाणु ताकत के कारण पाकिस्तान जरूरी

पाकिस्तान को लेकर रूबियो का बयान भारत की सुरक्षा चिंताओं के लिहाज से अहम है. उन्होंने कहा कि अमेरिका आतंकवाद का विरोध करता है, लेकिन विदेश मंत्री के रूप में उसे उन देशों से भी संबंध रखने पड़ते हैं जिनसे मतभेद हैं. पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं और उसकी भौगोलिक स्थिति भी महत्वपूर्ण है, इसलिए उससे संपर्क बनाए रखना अमेरिकी जरूरत है. रूबियो ने तर्क दिया कि पाकिस्तान से संवाद के जरिए उन गतिविधियों को रोकने में मदद मिल सकती है, जिनसे भारत चिंतित रहता है. लेकिन उन्होंने आतंकवाद को बढ़ावा देने की स्थिति में पाकिस्तान के खिलाफ किसी नई कार्रवाई या सुरक्षा सहायता रोकने की घोषणा नहीं की.